पंजाब केसरी 20/12/2023

यौन उत्पीड़न जागरूकता पर करवाई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, किरण रही प्रथम

अम्बाला, 19 दिसम्बर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में मंगलवार को आई.सी.सी. कमेटी द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न जागरूकता विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 45 छात्राओं ने भाग लिया। पोस्टर के माध्यम से छात्राओं द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न विषय को उजागर किया गया।

कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने छात्राओं को विषय की संवेदनशीलता और चर्चा की आवश्यकता के बारे में बताया तथा छात्राओं से भारतीय संविधान द्वारा उन्हें दिए गए अधिकारों व सुरक्षा के बारे में जागरूक होने का आग्रह किया।

इस प्रतियोगिता की संयोजिका प्राध्यापिका कमलेश कुमारी द्वारा छात्राओं को जागरूक किया गया। डा. अमिता ने छात्राओं को इस प्रकार के आयोजन में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा किरण रही, जबकि द्वितीय बी.ए. प्रथम वर्षीय राजनीतिक विज्ञान ऑनर्स की छात्रा राधिका तथा तृतीय बी.सी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा पलक रही। इस अवसर पर छात्राओं के साथ डा. मीना, डा. ज्योति व प्राध्यापिका महक भी उपस्थित रहीं।